Title: Need to open a central school for girls in Kaushambi district, U.P.

श्री सुरेश पासी (चायल): जनपद कौशम्भी को बने लगभग तीन-चार वर् हो गए हैं, लेकिन जनपद कौशम्भी में अभी तक केन्द्रीय कन्या विद्यालय की स्थापना नहीं की गई है, जिसके कारण छात्राओं को शिक्षा के लिए इलाहाबाद अथवा फतेहपुर जाना पड़ता है, जिसके कारण छात्राओं को अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यहां की जनता की केन्द्रीय कन्या विद्यालय की स्थापना की काफी समय से मांग रही है। जनपद कौशम्भी के अंतर्गत चार विधान सभा क्षेत्र एवं खागा आते हैं। यहां की जनता को होने वाली भारी कठिनाईयों को देखते हुए यहां शीघ्र ही केन्द्रीय कन्य विद्यालय की स्थापना की जानी चाहिए जिससे यहां की जनता को होने वाली असुविधा को दूर किया जा सके।